आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 02.10.2023
समय : 0705

<><><><><><><>

- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत द्वीपसमूह में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर श्रमदान किया गया।
- पोर्ट ब्लेयर के कारबाईन्स कोव तट पर आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों का नेतृत्व किया।
- आज गांधी जयन्ती है–उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों से शांति, अहिंसा और न्याय जैसे आदर्शों के प्रति खुद को पुनः समर्पित करने का संकल्प लेने को कहा।
- आज से लेकर आठ अक्टूबर तक वन्य जीव सप्ताह मनाया जा रहा है।
- अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कल निकोबार पुलिस की ओर से वी केयर– ब्रिजिंग जेनरेशन कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

<><><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा का मुख्य कार्यक्रम कल पोर्ट ब्लेयर के कारबाईन्स कोव तट पर आयोजित हुआ। उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी की अगुवाई में पुलिस–प्रशासन की वरिष्ठ अधिकारियों ने श्रमदान कर तट की साफ–सफाई की। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और स्कूल कॉलेज के बच्चे भी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने तट के आस–पास के क्षेत्र से कचरे को साफ कर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। खराब मौसम में भी लोगों ने स्वच्छता के लिए अपने उत्साह को बनाए रखा। इससे पूर्व उप–राज्यपाल ने उपस्थिति को स्वच्छता की शपथ दिलाई और अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए नगरपालिका परिषद के तीन कर्मियों को प्रशंसा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया। द्वीपों के एक हजार चार सौ बासठ स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम के तहत श्रमदान किया गया। सभी आयुवर्ग के लोग इन कार्यक्रमों में शामिल हुए। सूचना, प्रचार और पर्यटन सचिव बिनय भूषण के नेतृत्व में वन्डूर तट पर श्रमदान कर साफ–सफाई की गई। सरकारी कार्यालयों में भी सफाई अभियान चलाया गया।

<><><><><><><>

आज गांधी जयन्ती है। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने सभी द्वीपवासियों को अपनी हार्दिक शुभकामनांए दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन

सत्य, अहिंसा, निस्वार्थ और त्याग के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। गांधीजी ने देशवासियों को सत्य और अहिंसा जैसे आदर्श मूल्यों की ओर प्रेरित करते हुए भारत को स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। उप–राज्यपाल ने कहा कि हम सभी उनके सिद्धांतों के अनुकरण के लिए प्रण लें और द्वीपवासियों में व्याप्त एकता, बन्धुत्व और सद्भाव की भावना को बढ़ाते हुए शांति, अहिंसा और न्याय जैसे आदर्शों के प्रति खुद को पुनः समर्पित करने का संकल्प ले। उप–राज्यपाल ने द्वीपवासियों के जीवन में हर्ष तथा समृद्धि आने और द्वीपसमूह के सत्य एवं अहिंसा के मूल्य का पालन करते हुए प्रगति के पथ पर सदैव अग्रसर रहने की कामना की है।

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने भी द्वीपवासियों को गांधी जयन्ती की हार्दिक शुभकामनांए दी है।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की एक सौ चौवनवीं जयन्ती मनाई जाएगी। मुख्य समारोह सुबह आठ बजकर पन्द्रह मिनट पर गांधी पार्क में आयोजित होगा। जहां उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद स्कूली विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा प्रार्थना और भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। दो मिनट का मौन भी रखा जाएगा। आज सभी सरकारी विभागों, संस्थानों, स्वायत्त निकायों, निगमों, पंचायत प्रधानों, स्वयंसेवी संगठनों और ग्रामीणों से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत श्रमदान करने और स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया है। गांधी जयन्ती के अवसर पर पशु–पक्षियों की हत्या न करने और मछलियों को न पकड़ने का अनुरोध किया गया है। आज गांधी जयन्ती पर ड्राई डे रहेगा।

<><><><><><><>

आज से लेकर आठ अक्टूबर तक वन्य जीव सप्ताह मनाया जा रहा है। उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अपने संदेश में कहा कि प्रत्येक वर्ष दो से लेकर आठ अक्टूबर तक पूरे देश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती की वर्षगांठ के साथ वन्य जीव सप्ताह भी मनाया जाता है, जिससे लोगों को वन्य जीव के महत्व के विषय में संवेदनशील बनाया जा सके और वन्य जीवों के आवासों की सुरक्षा तथा संरक्षण के प्रति नागरिकों में अपने उत्तरदायित्व को लेकर जागरूकता उत्पन्न की जा सके। उप–राज्यपाल ने कहा कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह समृद्ध, विविध और अनूठी वन्य जीव श्रृंखला, घने उष्णकटिबंधीय वन, प्रचुर मैंग्रोव, विस्तारित समुद्री घास के मैदान तथा प्रवाल भित्तियों से परिपूर्ण है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जैव विविधता का एक मान्यता प्राप्त उष्णकटिबंधीय हॉट स्पॉट भी है, जिसे हमें भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना होगा। इन द्वीपों का अद्वितीय पारिस्थितिकीय तंत्र, इको पर्यटन के माध्यम से स्थानीय समुदाय

को आजीविका का अवसर प्रदान करता है तथा चिर स्थाई कृषि और मत्स्य पालन के लिए आवश्यक है। हमें अपने अस्तित्व के लिए आर्थिक विकास और प्राकृतिक विरासत की सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखना होगा।

<><><><><><><>

उन्हत्तरवें वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर उप–राज्यपाल ने आने वाले समय में द्वीपसमूह के वन्य जीवों की समृद्ध विरासत की सुरक्षा और संरक्षण के लिए खुद को समर्पित करने को कहा। उन्होंने सभी लोगों से द्वीपसमूह के वन्य जीवों के संरक्षण के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

<><><><><><><>

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कल निकोबार पुलिस की ओर से वी केयर– ब्रिजिंग जेनरेशन कार्यक्रम की शुरूआत की गई। पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने वर्चुअल माध्यम से इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक ने कहा कि शारीरिक मदद से आगे बढ़कर भावनात्मक सहयोग भी वरिष्ठ नागरिकों की जरूरत है। उन्होंने समुदाय के साथ मजबूत रिश्ते कायम करने में इस पहल की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने वृद्धजनों के कल्याण के लिए सभी पुलिस कर्मियों से उनकी शिकायतों और अनुरूोध के प्रति विशेष ध्यान देने तथा प्रशासन के साथ बेहतर ताल–मेल बैठाकर कार्य करने को कहा। उन्होंने इस पहल को आगे ले जाने और ज़िले में वृद्धजनों के प्रति आदर तथा उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर भी आयोजित किया गया। जरूरत के समय रक्तदान के लिए कैम्पबेल बे पुलिस कर्मियों की एक सूची भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को प्रदान की गई। यह पुलिसकर्मी रक्तदान के अलावा बुजुर्गों की चिकित्सा और देखभाल के लिए अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर कल स्वच्छता ही सेवा के तहत जगह–जगह स्वच्छता अभियान आयोजित कर श्रमदान करने के समाचार को– द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने प्रमुखता दी है। अखबार ने लिखा कि उप–राज्यपाल ने कारबाईन्स कोव में आयोजित स्वच्छता अभियान में द्वीपवासियों का नेतृत्व किया तथा उपस्थिति को स्वच्छता शपथ दिलाई। मध्योत्तर अंडमान जिले में राष्ट्रीय

राजमार्ग–चार की खराब स्थिति और जल्द मरम्मत का कार्य करने की मांग को लेकर सांसद कुलदीप राय शर्मा द्वारा कल रंगत में एक दिवसीय भूख हड़ताल करने के समाचार को– द इको ऑफ इंडिया ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है और एशियाई खेलों में सातवें दिन हॉकी के ग्रुप मैंच में भारत ने पाकिस्तान को दस–दो से हराने के समाचार को– इंफो इंडिया ने अपने खेल पृष्ठ में जगह दी है।

**<><><><><><><>**